भारत सरकार - रेल मंत्रालय
अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन
लखनऊ - 226 011
EPBX (0522) 2451200
Fax (0522) 2458500

Government of India-Ministry of Railways
Research Designs & Standards Organisation
Lucknow - 226 011
DID (0522) 2450115
DID (0522) 2465310

# प्रेस विज्ञप्ति

## आरडीएसओ में हिंदी पखवाड़ा-2024 के सुभारम्भ का आयोजन

आरडीएसओ लखनऊ में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं प्रोत्साहन हेतु 17 सितंबर से 27 सितंबर, 2024 तक हिंदी-पखवाड़ा मनाया जा रहा है। श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/ आरडीएसओ ने दिनांक 17.09.2024 को आरडीएसओ. के नये ऑडिटोरियम में दीप प्रज्ज्वलित करके राजभाषा-प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। राजभाषा प्रदर्शनी में आरडीएसओ के विभिन्न निदेशालयों ने भाग लिया । भू-तकनीकी, इंजन विकास, परीक्षण, पुल एवं संरचना, रेलपथ मशीन (इन्फ्रा-।), वित्त, भंडार निदेशालय ने इस प्रदर्शनी में अपने राजभाषा कार्य को विशिष्ट एवं सुसज्जित रूप में प्रस्तुत किया । परीक्षण निदेशालय द्वारा हिंदी में हस्ताक्षर, द्विभाषी रिपोर्टों का प्रकाशन एवं सेल्फी प्वाइंट का आयोजन किया गया । भू-तकनीकी एवं रेलपथ मशीन (इन्फ्रा-।) निदेशालय द्वारा परीक्षण की विधियाँ एवं परीक्षण रिपोर्टों, तकनीकी ड्राइंग को हिंदी में प्रस्तुत किया गया, जिसकी विशेष प्रशंसा अधिकारीयों एवं कर्मचारियों द्वारा की गयी । वित्त निदेशालय द्वारा मेनुअल, कोड, नोटिंग एवं ज्ञापन सहित किये गए सभी कार्यों को हिंदी में दर्शाया गया है। पुल एवं संरचना द्वारा भी कोड, मेनुअल, ड्राइंग, अनुभागीय आदेशों को हिंदी में जारी किया गया साथ ही भण्डार निदेशालय द्वारा भी तिमाही निविदायें हिंदी में जारी करना आदि को राजभाषा प्रदर्शनी में उल्लेखनीय एवं सजावट के साथ प्रदर्शित किया गया ।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही कु. सुदीक्षा द्वारा वाणी-वंदना द्वारा हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माननीय रेल मंत्री जी द्वारा हिंदी दिवस पर दिए गए संदेश का वाचन राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया। मुख्य राजभाषा अधिकारी ने हिंदी-पखवाड़ा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उनमें अधिकतम प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए आर.डी.एस.ओ. के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित किया। महानिदेशक महोदय ने अपने उद्घाटन-संबोधन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा नियमों के अनुसार पूर्ण निष्ठा एवं उत्साह के साथ सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया।

इस अवसर पर अपर महानिदेशक श्री ए. एम. रिज़वी, कवयित्री श्रीमती शीला पांडेय तथा संगठन के कार्मिकों ने कविता पाठ किया एवं पद्मश्री डॉ विद्या बिंदु सिंह द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार पर वक्तव्य दिया जिसकी प्रेक्षागृह में उपस्थित जनसमूह ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

................................................................................................

दिनांक: 17.09.2024

सं पीआर/पब्लिसिटी/24/42

कृपया उपरोक्त समाचार को फोटोग्राफ सहित अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।

17/09/2024

कृते कार्यकारी निदेशक /प्रशासन

सेवा में ,

संपादक